Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide a relief package to farmers of Maharashtra particularly in Vidharbha region distressed due to loss of their crops caused by scanty and untimely rains.

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) : मैं माननीय कृषि मंत्री जी का ध्यान महाराष्ट्र में औसत से कम एवं समय से काफी देर से हुई बारिश की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए आग्रह करना चाहता हूँ कि किसानों की खेती को काफी नुकसान हुआ है तथा पैदावार में 50 प्रतिशत की गिरावट आयी है जिस कारण किसानों की लागत पूँजी जो बाजार से कर्ज लेकर लगायी थी, की भी भरपाई नहीं कर पा रहे हैं। लोग परेशान एवं लाचार हो गये हैं।

अत: मैं विदर्भ के साथ-साथ सम्पूर्ण महाराष्ट्र में किसानों की दूर्दशा को देखते हुए एक टीम केन्द्र सरकार भेजकर सर्वे एवं मूल्यांकन कराकर किसानों को राहत पैकेज देने का कष्ट करें जिससे कि किसान अपनी समस्या का समाधान कर पुन: भारी उत्साह से कार्य करें एवं राष्ट्र के निर्माण में अपना भी बहुमूल्य योगदान दें।